# जे.पी. स्नातक महाविद्यालय भवन का भव्य उद्घाटन, शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय

बिहारशरीफ (नालन्दा), 14 जुलाई 2025, सोमवार: वियावानी, बिहारशरीफ स्थित जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के परिसर में जे.पी. स्नातक महाविद्यालय भवन का भव्य उद्घाटन माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार) के करकमलों द्वारा किया गया। समारोह की गरिमा को और बढ़ाया पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. (डॉ.) उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार ने कहा कि अब जिले के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने विश्वास प्रकट करते हुए कहा, "बिहार की मिट्टी और हवा में इतनी तासीर है कि हमारे छात्र आसमान पर भी परीक्षा देंगे तो प्रथम स्थान लाएँगे।"

माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा, "जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन का नाम पहले सुना था, लेकिन आज इसे देखकर अनुभव हुआ कि यह वास्तव में देखने और सराहने योग्य संस्थान है।" उन्होंने इसे एक ऐसा केंद्र बताया जहाँ छात्रों को सम्पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कैम्पस सलेक्शन का भी अवसर दिया जाता है।

इस मौके पर जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन की ओर से एक और नए महाविद्यालय की शुरुआत की गई। कुलपति ने कहा, "शिक्षा वह हथियार है जिससे दुनिया को बदला जा सकता है, और बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण निर्मित कर रही है।" साथ ही उन्होंने परिसर में 50 पौधों के रोपण की भी शुरुआत की तथा पेड़ों को संतान के समान संरक्षण देने की अपील की। संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि संस्थान में अब बी.ए., बी.एससी., बी.कॉम की पढ़ाई की शुरुआत हो चुकी है। साथ ही बी.एड., डी.एल.एड., पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई., बी.फार्मा, डी.फार्मा, लॉ, इंजीनियरिंग, सीबीएसई स्कूल और नर्सिंग की शिक्षा पहले से संचालित है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान से उत्तीर्ण छात्रों को देश की नामी कंपनियों में चयन का अवसर कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से मिलता है। समारोह के दौरान बी.एड., डी.एल.एड., पॉलिटेक्निक, फार्मेसी और स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन डॉ. संजय कुमार द्वारा किया गया।

इस मौके पर प्रो. आर.एन. सिंह (प्राचार्य, किसान कॉलेज, सोहसराय) प्रो. महेश प्रसाद (प्राचार्य, सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, नालन्दा) प्रो. अरविन्द कुमार (प्राचार्य, महाबोधि महाविद्यालय, नालन्दा) श्री त्रिनयन कुमार (प्रदेश उपाध्यक्ष, जनता दल यूनाइटेड) साथ ही संस्थान के शिक्षकगण एवं प्रशासनिक पदाधिकारीगण – एस.ओ.सी.आई. कुमार शुक्ला, डॉ. राजीव रंजन, ई. पूर्णेन्दु भूषण, डॉ. अशोक कुमार प्रियदर्शी, डॉ. अभिषेक कुमार, प्रो. राजेश कुमार यादव, श्री कृष्णा कुमार, प्रो. निलीमा पाण्डेय, प्रो. संगीता कुमारी, प्रो. वन्दना कुमारी, प्रो. कुमारी स्तुति, प्रो. रागिनी कुमारी, प्रो. आदित्य मनोहर, श्री एस. दिवाकर, श्री अशोक कुमार (ऑफिस असिस्टेंट), संजय, वेदरता कुमारी (कंप्यूटर ऑपरेटर), अनुपम कुमारी, कुंदन कुमार, प्रभाकर कुमार, राजू कुमार सहित संस्थान के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संस्थान के संस्थापक श्री शैलेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

भवदीय

सचिव

श्री शैलेश कुमार



